आवश्यक / समयबद्ध

पत्रांक–स0नि0–सामान्य बजट / आय–व्यय 2021–22 / 453 / वाणिज्य कर

प्रेषक,

कमिश्नर,
वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1– एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर,
नोएडा जोन, नोएडा।

2– समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

3– अपर निदेशक,
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
उ0प्र0, लखनऊ।

(सम्पत्ति अनुभाग) लखनऊः: दिनांक::सितम्बर 23 ,2021

विषयः–आगामी वित्तीय वर्ष 2022–23 का आय–व्ययक अनुमान के प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार **आगामी वित्तीय वर्ष 2022–23** का आय–व्ययक अनुमान तैयार कराकर शासन को शीघ्र प्रेषित किया जाना है। अतः **अनुदान संख्या–89** के अन्तर्गत निम्न लेखाशीर्षक / मदों के अन्तर्गत वांछित धनराशि का पूर्ण औचित्य सहित अनुमान तैयार कर उपलब्ध कराया जाना हैः–

क्र0सं0	लेखाशीर्षक	मद संख्या	कार्य की प्रकृति
1.	2040– बिक्री, व्यापार आदि पर कर–800–अन्य व्यय–03–वाणिज्य कर आयुक्त का अधिष्ठान	29–अनुरक्षण	विद्युत, मशीनरी, उपकरण मरम्मत आदि से संबंधित
2.	2059–लोक निर्माण कार्य–01–कार्यालय भवन–051–निर्माण–03– वाणिज्य कर विभाग के विभागीय भवन तथा सहायता केन्द्रों के विभागीय भवनों की मरम्मत एवं रख–रखाव कार्य	29–अनुरक्षण	विभागीय कार्यालय भवनों में मरम्मत कार्य हेतु
3.	2216–आवास–01–सरकारी रिहायशी भवन–700–अन्य आवास–03–वाणिज्य कर विभाग के आवासीय भवनों की विशेष मरम्मत एवं रख–रखाव कार्य	29–अनुरक्षण	विभागीय आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य हेतु
4.	4059–लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय–01–कार्यालय भवन–051–निर्माण	24–वृहद निर्माण कार्य	विभागीय भूमि पर नये कार्यालय भवन के निर्माण हेतु
5.	4059–लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय–01–कार्यालय भवन–051–निर्माण–31–सहायता केन्द्र / विभागीय कार्यालय भवनों / आवासीय भवनों में लघु निर्माण कार्य	25–लघु निर्माण कार्य	विभागीय कार्यालय / आवासीय भवनों में छोटे(पेटी वर्क्स) लघु निर्माण कार्य

-2

6.	4059—लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय—01—कार्यालय भवन—051—निर्माण	26—मशीन साजसज्जा/ उपकरण एवं संयंत्र	मशीन साजसज्जा/उपकरण एवं संयंत्र स्थापित/क्रय किये जाने हेतु
7.	4059—लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय—60—अन्य भवन—051—निर्माण	24—वृहद् निर्माण कार्य	भूमि क्रय हेतु
8.	4070—अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूँजीगत परिव्यय—800—अन्य व्यय—03—वाणिज्य कर आयुक्त का अधिष्ठान	14— मोटरगाड़ियों का क्रय	वाणिज्य कर विभाग के राजकीय कार्य के संपादन हेतु नये मोटर गाड़ियों के क्रय किये जाने हेतु

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने अधीनस्थ कार्यालयों से सम्बन्धित उपयोगार्थ हेतु अनुदान संख्या—89 के अन्तर्गत उपरोक्त लेखाशीर्षक/मदों के अन्तर्गत वांछित धनराशि(रूपया लाख में) का पूर्ण औचित्य सहित अनुमान/कराये जाने वाले कार्यों का विवरण सहित(प्रस्ताव) तैयार कराकर अधोहस्ताक्षरी को **दिनांक 05.10.2021 तक विशेष पत्रवाहक के माध्यम/ई—मेल ctconshqlu-up@nic.in से बिना अनुस्मारक की प्रतीक्षा किये** प्रत्येक दशा में मुख्यालय को उपलब्ध कराने हेतु संबंधित ज्वाइंट कमिश्नर(कार्यपालक), वाणिज्य कर को निर्देशित कर दें तथा स्वयं भी अनुश्रवण करते रहे कि आपके अधीनस्थ सभी कार्यालयों के प्रस्ताव उपरोक्त निर्धारित अवधि में मुख्यालय उपलब्ध करा दिये गये है। यदि निर्धारित समय पर प्रस्ताव आपके जोन से प्राप्त नहीं होता है, तो शासन को प्रेषित किये जाने वाले प्रस्तावों में सम्मिलित किया जाना संभव नहीं होगा। निर्धारित समयावधि के उपरांत बजट की मांग की जाएगी तो इसके लिए संबंधित अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होगें।

भवदीय,

(सूर्यमणि लालचंद)
एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन), वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0प0सं0 व दि0 उक्त।
प्रतिलिपि :

1— ज्वाइंट कमिश्नर (स्था0अराज0/प्रभारी नजारत), वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वाहन पटल, आवास नाजिर, मुख्यालय नाजिर को समयान्तर्गत प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित कर दें।

2— ज्वाइन्ट कमिश्नर(आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय साइट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन), वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।